चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : पी0ए0/3615
दिनांक : 07.05.2021

सेवा में,

समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक,
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,
मेरठ।

महोदय/महोदया,

कृपया अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के द्वारा मेल के माध्यम से बढते हुये कोविड–19 के बढते हुये संक्रमण को दृष्टिगत रखते हुये ऑक्सीजन के उत्पादन के लिए मौजूद सुविधाओं की देख–रेख तथा उसकी सूचना शासन द्वारा प्रेषित निम्नलिखित लिंक https://forms.gle/SqFRqme3xEJvpPVy7 पर गूगल फार्म पर भरकर उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में निर्देशित किया गया है।

अतः उक्त के क्रम में अपर मुख्य सचिव, उच्च शिक्षा, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के निर्देश एवं मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आपसे अपेक्षा है कि आप अपने महाविद्यालय/संस्थानों के रसायन विभाग या अन्य किसी विभाग में ऑक्सीजन के उत्पादन के लिए मौजूद सुविधाओं की देख–रेख तथा उसकी सूचना विश्वविद्यालय के कुलसचिव की कार्यालय की मेल आई0डी0 **registrar@ccsuniversity.ac.in** पर प्रतिदिन सायं 04:00 बजे तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराने का कष्ट करें जिससे की सूचना शासन को ससमय प्रेषित की जा सकें।

लिंक : https://forms.gle/SqFRqme3xEJvpPVy7

भवदीय,

07-05-2021

कुलसचिव

प्रतिलिपि :–

01. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
02. प्रति–कुलपति, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय,मेरठ।
03. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ।
04. प्रभारी, वेबसाइट को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
05. विश्वविद्यालय, प्रेस प्रवक्ता।

कुलसचिव

शीर्ष प्राथमिकता

संख्याः–1076/सत्तर–3–2021–08(20)/2020

प्रेषक,

श्रवण कुमार सिंह,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन लखनऊ।

सेवा में,

1. कुलपति,
समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय,
उत्तर प्रदेश।

2. प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त राजकीय/अनुदानित/निजी
महाविद्यालय, उ0प्र0।

उच्च शिक्षा अनुभाग–3 **लखनऊ : दिनांक 07 मई, 2021**

विषयः विश्वविद्यालयों/महाविद्यालयों के रसायन विज्ञान विभाग/अन्य विभाग में आक्सीजन उत्पादन की सम्भावना ज्ञात किए जाने के संबंध में।

महोदय,

कोविड महामारी के इस दौर में हम सभी इसके रोकथाम में अपना योगदान दे रहे हैं आप सभी अवगत है कि कोविड के उपचार में आक्सीजन एक बड़ी आवश्यकता है। इसी क्रम में कृपया यह अवगत कराने का कष्ट करें, कि क्या आपके विश्वविद्यालय/महाविद्यालय के रसायन विज्ञान विभाग अथवा अन्य विभाग में आक्सीजन उत्पादन किया जा सकता है ?

2– इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि अपने विश्वविद्यालय/महाविद्यालय में आक्सीजन उत्पादन/अन्य जानकारी संलग्न गूगल फार्म (https://forms.gle/SqFRqme3xEJvpPVy7) में आज ही उपलब्ध कराने का कष्ट करें, जिससे स्वास्थ्य विभाग की मदद से महामारी की रोकथाम में इसका उपयोग किया जा सके।

भवदीय,

(श्रवण कुमार सिंह)
विशेष सचिव।

संख्या–1076 (1)/सत्तर–3–2021, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निदेशक, उच्च शिक्षा, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. कुल सचिव, समस्त राज्य/निजी विश्वविद्यालय, उ0प्र0।
3. समस्त क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, उ0प्र0।

आज्ञा से,

(हरेन्द्र कुमार सिंह)
उप सचिव।